पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने बृज रत्न अवार्ड–2020 से 11 विभूतियों को सम्मानित किया

ब्रज भूमि–अध्यात्मिक चिन्तन के लिये विख्यात–
श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 21 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज आगरा में इन्क्रैडिबल इण्डिया फाउण्डेशन द्वारा आयोजित बृज रत्न अवार्ड–2020 समारोह में हास्य कवि पद्मश्री काका हाथरसी (मरणोपरांत) और सेवानिवृत्त भारतीय वायु सेनाध्यक्ष एअर चीफ मार्शल आर0के0एस0 भदौरिया सहित अन्य 9 प्रख्यात विभूतियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ब्रज मंडल केवल धार्मिक आस्था का केन्द्र नहीं, बल्कि अनगिनत विभूतियों का जन्म भी यहां हुआ है, जिन्होंने ब्रज संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन में समर्पण भाव से कार्य किया है। राज्यपाल जी ने कहा ब्रज की इस धरती ने प्रेम–भक्ति को जन्म दिया और आध्यात्मिक चिन्तन के लिये विख्यात इस ब्रजभूमि ने अपने रसोमय चिन्तन से ने केवल देश में अपितु विश्व में भक्ति एवं ज्ञान की गंगा को प्रवाहित किया है। बृज संस्कृति वह महान संस्कृति है जो भगवान कृष्ण की सोलह कलाओं से युक्त है।

इस अवसर पर इनक्रेडिबल इंडिया फाउण्डेशन के चेयरमैन श्री पूरन डावर, महासचिव श्री अजय शर्मा, संयोजक श्री ब्रजेश शर्मा, समिति के अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर ए0के0 सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/ राजभवन (108/ 34)
सम्पर्क सूत्र 9453005360

ब्रज रत्न अवॉर्ड

ब्रज रत्न अवॉर्ड

ब्रज रत्न अवॉर्ड